तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

11 मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 283 जोड़े



12 विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और उपलब्धियों पर किया गया मंथन





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


# 130 एकड़ चारागाह भूमि की फौती नामांतरण रोकने के लिए पंचायत और ग्रामीण सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम जौन्दी में शामिलात चारागाह की भूमि जो संत विनोबा भावे आंदोलन के दौरान से सन 1950 के आसपास चारागाह के लिए बड़े एवं छोटे किसानों के द्वारा 130 एकड़ जमीन दान में दी गई जो कि रिकॉर्ड में सिर्फ तीन परिवार और आठ सदस्यों के नाम भू स्वामी के रूप में दर्ज है। जिसे उनके वारिसानों के द्वारा फौती नामान्तण उठा कर बेचने की तैयारी अंदर ही अंदर की जा रही थी जिसकी भनक लगते ही ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीणजन सतर्क हो गये और तत्काल पंचायत की बैठक लेकर फौती नामान्तण दर्ज नहीं करने का सर्वसम्मति से पंचायत प्रस्ताव किया गया।

जौंदी ग्राम के भाजपा नेता टीकम चंद साहू ने यह जानकारी देते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर को अवगत कराया है। बताया कि ग्राम जौन्दी में पूरे 130 एकड़ जमीन जो कैफियत में आज भी सम्मिलात चारागाह के नाम पर है किन्तु भू स्वामी के रूप मे सिर्फ तीन परिवार और निम्न आठ लोगों के नाम ईश्वर प्रसाद, कांशीराम, टीकूराम, भारत, जीवन पिता संतोष, छबिराम, सीताराम पिता देवनाथ बलीराम पिता मनबोध के नाम भू रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका । भरत साहू को छोड़ कर सभी सातों की मृत्यु हो चुकी है अब इनके वारीसों के द्वारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सरपंच, उपसरपंच और ग्रामीणों ने तहसीलदार व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा





### इन्होंने दर्ज कराई शिकायत

बुधवार को ग्राम पंचायत जौन्दी के सरपंच कुन्ती साहू और भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच टीकम चन्द साहू के नेतृत्व में उपसरपंच पोखन यदु, पंचगण सुरेश साहू, चेतन साहू, शंभू राम, रमन लाल, उषा यदु, जानकी बाई, संगीता ध्रुव, प्रभावती साहू, गणेशिया विश्वकर्मा, टिकेश्वरी साहू, लक्ष्मी यदु एवं ग्रामीण जन में झड़ी राम ध्रुव, भागवत यदु, रामकृपाल, शिव साहू, डीहू राम, संतराम, थानूराम, आस कुमार, बिष्णु यदु, खेदू दास बैरागी, उदयराम, मिथलेश, टोमन लाल, खुमाराम, रोहित कुमार, राजाराम, रामानन्द, गोपीचंद विश्वकर्मा, राजाराम मनीराम यदु, खोमचन्द साहू सहित आक्रोशित अनेक लोग आज तहसीलदार एसडीएम एवं कलेक्टर कार्यालय में जाकर लिखित में शिकायत आवेदन देकर फौती नामान्तण दर्ज नहीं करने का ज्ञापन सौंपा गया। जिसे अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान में लेकर मातहत अधिकारियों को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### होली से पूर्व धान का होगा भुगतान, किसानों में हर्ष

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार किसान हितैशी सरकार है और आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य के किसानो के हित में एक बार फिर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानो को 3100 रूपये प्रति क्विंटल की मान से अंतर की राशि होली पर्व से पूर्व एकमुस्त प्रदान की जायेगी जिससे किसानो के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार हमेशा से किसानो के हित में कार्य कर रही है किसानो के एक–एक दाना धान को भाजपा ने खरीदा है। प्रदेश के किसान पिछले दो वर्षो में आर्थिक रूप से मजबुत हुए है और साथ ही किसान सम्मानिधि के अलावा किसानो की खुशहाली और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।



### शिक्षा मंत्री से शिक्षक संघ ने की सौजन्य मुलाकात

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने बताया कि संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ओमकार सिंह ठाकुर,तथा कर्मचारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी के नेतृत्व में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें प्रमुख रूप से सहायक शिक्षकों का लंबित तृतीयमन वेतन राज्य शिक्षा आयोग का पुनर्गठन , पदोन्नति नियम 2025 का प्रकाशन प्रभारवाद को समाप्त करने , विभिन्न संवर्गो पर पदोन्नति, हाई स्कूलों में संस्कृत व्याख्याता पुनः सृजित करने ,तथा भृत्य, लिपिक और स्वीपर के पद को भी पुनर्जीवित करने ,सफाई कर्मचारी की नियुक्ति आदि मांगों की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने सभी समस्याओं पर शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय गरियाबंद जिला के संगठन मंत्री रूपेन्द्र साहू और सदस्य डी बसंत साव उपस्थित थे।

### मैनपुर में शिवमंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर बिजली ऑफीस के पास विशाल शिवमंदिर का निर्माण किया गया है इस शिवमंदिर में प्राणप्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाना है। 13 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलशयात्र, 14 फरवरी शनिवार को शिवलिंग प्राणप्रतिष्ठा एवं 15 फरवरी महाशिवरात्रि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नवनिर्मित शिवमंदिर में प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है और इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर क"यप के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियो को भी आमंत्रित किया गया है।

## मैनपुर और आसपास के गांवों में नौनिहाल खुले आसमान के नीचे शिक्षा पाने को मजबूर

# जिले में खतरों के बीच नौनिहालों का भविष्य झोपड़ियों में संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र में खतरो के बीच नौनिहाल अपना भविष्य गढने मजबुर हो रहे है आंगनबाड़ी केन्द्रो की खस्ता हालत किसी छुपा नही है और तो और आंगनबाड़ी केन्द्रो भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा लाखो रूपये राशि जारी करने के बावजूद संबंधित निर्माण एजेंसियो द्वारा निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और निर्माण कार्य की राशि हजम करने के कारण इसका लाभ बच्चो को नही मिल पा रहा है कही बच्चे खुले आसमान के नीचे तो कही किसी कार्यकर्ता के घर या झोपड़ी में अपना सुनहरे भविष्य गढ़ने मजबुर हो रहे है लेकिन इस ओर संबंधित जिम्मेदार अफसरो द्वारा ध्यान नही देना समझ से परे है।

■ दुरस्थ वनांचल क्षेत्र में आंगनबाड़ी भवन के लिए लाखों रूपये सरकार द्वारा देने के बावजूद निर्माण कार्य अधुरा

एक तरह से जिम्मेदारो ने जान बुझकर अपने आंख बंद कर लिए है तभी तो निर्माण कार्य 2–2, 3–3 वर्षो से अधुरे पड़े हुए है यदि जिम्मेदार अफसर अपने विभाग के समय–समय पर मॉनीटरिंग और निरीक्षण करते तो निश्चित रूप से लाखो रूपये खर्च करने के बाद आज इसका लाभ बच्चो को मिलने लगता। गरियाबंद ब्लॉक के अंतिम सीमा मैनपुर से महज 20 से 25 किमी दूर ओड़, आमामोरा, कुकराल, नगराल, हथौड़ाडीह, अमलोर, जोकपारा क्षेत्र के ग्रामो व पाराटोला में आज आजादी के 79 वर्षो बाद भी नौनिहालो को आंगनबाड़ी भवन नसीब नही होना विकास के सभी दावो की पोल खोलकर रखती है।







**क्या कहते है सचिव** ग्राम पंचायत के सचिव गीता मरकाम ने बताया कि आमामोरा में एक आंगनबाड़ी और खोलने की मांग के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होने बताया अधुरे आंगनबाड़ियो को ग्राम पंचायत द्वारा पूरा किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का आभाव

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 17 किमी दूर अमलोर आंगनबाड़ी केन्द्र में 20 नौनिहाल अध्यनरत है यहां आंगनबाड़ी भवन का निर्माण बेहद घटिया स्तर से किया गया है भवन में न तो ठीक से छबाई किया गया है और न ही फ्लोरिंग व शौचालय की व्यवस्था किया गया है और तो और घने जंगल से घिरा यह क्षेत्र के यह आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की हालत खराब है नया भवन होने के बावजुद इसका लाभ नही मिल पा रहा है। इसी तरह हथौड़ाडीह में भी नया आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है लेकिन यहां शौचालय तथा अन्य सुविधा व पानी नही है। आमामोरा में आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो गया है और टूट कर गिर रहा है बड़ी दुर्घटनाओ को देखते हुए ग्रामीणो ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियो से किया लेकिन कोई ध्यान नही देने के कारण ग्रामीणो ने एक ग्रामीण के घर में आंगनबाड़ी का संचालन कर रहे है जहां शौचालय पानी की सुविधा नही है और यहां 25 नौनिहाल है। आमामोरा बड़ी बस्ती होने के कारण और जंगल क्षेत्र होने के कारण यहां एक और आंगनबाड़ी की मांग किया जा रहा है लेकिन इस समस्या के समाधान की तरफ अब तक ध्यान नही दिया गया कई बार ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है।

आमामोरा ग्राम के आधा बच्चे आज भी आंगनबाड़ी शिक्षा से वंचित हो रहे है। जोकपारा में भी आंगनबाड़ी ग्रामीण के घर झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। ग्राम ओड़ में दो आंगनबाड़ी है लेकिन एक आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से अधुरा है जिसके कारण एक आंगनबाड़ी में दोनो आंगनबाड़ी के बच्चो को रखना मुश्किल हो रहा है और दूरी भी अधिक होता है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए लाखो रूपये राशि देने के बाद ग्रामीण इलाके वनांचल ग्रामो के इलाको में कुछ भी नही है और खतरो के बीच नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ रहे है बार–बार मांग और शिकायत के बावजूद न तो व्यवस्था में सुधार हो पा रही है और न ही बच्चो को सुविधाएं मिल पा रही है।

## मौसम का दोहरा रूप: दिन में तपन, रात में ठंडक से लोग परेशान

**राजिम।** इन दिनों मौसम ने ऐसा करवट बदला है कि लोग समझ नहीं पा रहे। अलमारी से स्वेटर निकालें या कूलर-एसी चलाएं? दिन चढ़ते ही धूप इतनी तल्ख हो जाती है मानो जेठ-वैशाख की तपन उतर आई हो, और रात ढलते ही ठंडक का ऐसा एहसास कि कातिक-अगहन पौष मौसम याद आ जाए। एक ही दिन में दो मौसमों का अनुभव लोगों की दिनचर्या, सेहत और बाजार-तीनों पर असर डाल रहा है।

■ मौसम का मिजाज पड़ रहा लोगों की सेहत और दिनचर्या पर भारी

दिन में तपन, शाम ढले सिहरन सुबह की हल्की ठंडक के बाद जैसे-जैसे सूरज सिर पर चढ़ता है, तेज धूप और बिखरती गर्मी से लोग एसी और पंखों का सहारा लेने को मजबूर हैं। बाजारों में दोपहर के वक्त सन्नाटा पसरा दिखता है। वहीं शाम होते-होते हवाओं का रुख बदल जाता है। तापमान गिरते ही लोग जैकेट, स्वेटर या अंगीठी का सहारा लेते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में पसीना और रात में कंबल ऐसा मौसम पहले कम ही देखने को मिला। इस उतार-चढ़ाव ने बुजुर्गों और बच्चों की सेहत पर खास असर डाला है। मौसम के इस दोहरे रूप से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और खेतों में काम करने वाले किसानों को हो रही है। दिन की गर्मी में खेतों में काम करना कठिन हो रहा है, जबकि सुबह-शाम ठंडक से शरीर अकड़ जाता है। मौसम की इस अनिश्चितता का असर बाजार पर भी साफ दिख रहा है।

### सावधानी ही बचाव है : विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ और बदलती हवाओं की दिशा के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है। दिन में तेज धूप और साफ आसमान से गर्मी बढ़ती है, जबकि रात में नमी और हवा की दिशा बदलने से तापमान तेजी से गिर जाता है। इसका सावधानी ही बचाव है ऐसे मौसम में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

# कच्चे हरे भरे वृक्षों की हो रही अवैध गडलिंग



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के चाहे उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र हो या फिर सामान्य वन मंडल क्षेत्र के जंगल धीरे –धीरे लगातार अवैध कटाई के चलते सिमटते जा रहा है पिछले कुछ वर्षो में देखने को मिल रहा है कि नेशनल हाइवे के किनारे हो या गांव के आसपास पहले पेड़ के नीचे छाल को निकालकर गंडलिंग कर देते है फिर उसे धीरे से काट देते है यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है और यह सब कुछ स्थानीय वन विभाग के अधिकारियो को भी मालूम है लेकिन जब इस संबंध में जानकारी लिया जाता है तो यह कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करते है।

■ अवैध कटाई से ढूठों में तब्दील हो रहा वन क्षेत्र

यह राजस्व क्षेत्र है और जब वहा कोई निर्माण कार्य या शासकीय भवन का निर्माण होना होता है तब वन विभाग उसे अपना वन क्षेत्र बताने से पीछे नही हटता ऐसे एक नही दर्जनो मामले है जब जंगल क्षेत्र व गांव के आसपास अवैध कटाई धीरे –धीरे होता रहता है तो जंगल को बचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले लोग मौन रहते है जिसके कारण आज लगातार जंगल क्षेत्र धीरे –धीरे ठुंठो में तब्दील हो रहा है। गरियाबंद से लेकर इंदागांव तक लगभग सड़क किनारे गांव के नजदीक दर्जनो व आसपास इस तरह के अवैध कटाई और पेड़ो के छाल निकालकर पेड़ काटने की सिलसिला जारी है। एक समय था जब मैनपुर से झरियाबाहरा तक बेहद घना जंगल हुआ करता था और यह महज 5–6 पहले की बात है अब चारो तरफ सिर्फ दूर–दूर तक जंगल में खालीपन नजर आता है और ठुंठ ही दिखाई देता है इसके लिए चाहे जो भी जिम्मेदार हो लेकिन आने वाले समय के लिए जंगल को सुरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिस तेजी से जंगल कट रहा है पर्यावरण प्रदुशित हो रहा है इसके लिए एक चिंतन करने की जरूरत है।

### क्षेत्र में चर्चाएं जोरों पर

नेशनल हाईवे 130 सी रायपुर देवभोग पक्की सड़क मार्ग जुगाड़, धवलपुर, झरियाबाहरा, तौरेंगा, कोदोमाली, कोयाबा, इंदागांव एवं ग्रामीण क्षेत्र के सड़क किनारे बेशकीमती साल वृक्षों की अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों के द्वारा गडलिंग किया गया है, पेड के छाल निकालकर उसे सुखया जा रहा है, सड़क किनारे इस तरह के कृत्यों का अंजाम एक–दो दिन में अतिक्रमणकारियों के द्वारा नहीं किया गया होगा, वन विभाग बेखबर क्यों बना रहा, क्षेत्र में चर्चाएं जोरों पर है।

## राजिम-नवापारा मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर, नागरिकों में भारी दहशत

**नवापारा-राजिम।** राजिम और नवापारा शहर के बीच इन दिनों एक खतरनाक ट्रेंड लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। शाम ढलते ही तेज रफ्तार हाइवा ट्रकों की आवाजाही बढ़ जाती है। आरोप है कि कुछ चालक नशे की हालत में भारी वाहनों को 80-90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से शहर के बीचों-बीच दौड़ा रहे हैं।

■ स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने की पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग

बीती मंगलवार रात ठीक 12 बजकर 5 मिनट पर शहर के सीसीटीवी कैमरों में कैद एक दृश्य ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी। फुटेज में एक हाइवा मैडम चौक और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से तेज रफ्तार में गुजरते हुए नजर आ रहा है। जिस तरह यह वाहन शहर की सड़कों को चीरता हुआ आगे बढ़ा, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर सामने आ जाती कोई गाड़ी? यह मार्ग रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों से होकर गुजरता है। देर रात भी यहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यदि किसी मोड़ से कोई वाहन अचानक सामने आ जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। शहरवासियों का कहना है कि यह केवल किस्मत थी कि उस समय कोई आमने-सामने नहीं आया। सिंध पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गणमान्य नागरिक अनिल जगवानी तथा बस स्टेण्ड में व्यवसाय करने वालो ने तेज रफ्तार ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जिले में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सुरक्षित इंटरनेट दिवस (सेफर इंटरनेट डे) के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। एनआईसी के उपनिदेशक ने इंटरनेट के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी।

■ एआई, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नं. 1930 पर अधिकारियों को दी गई जानकारी



इस दौरान इंटरनेट की मूल अवधारणा, दैनिक जीवन में इंटरनेट का उपयोग, इंटरनेट, एआई (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस) का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग, एआई से जुड़े सामान्य साइबर खतरे, साइबर हाइजीन प्रैक्टिसेज तथा साइबर अपराध रिपोर्टिंग तंत्र ( हेल्पलाइन नम्बर - 1930) के बारे में बताया गया। अधिकारी-कर्मचारी ने भी अपने जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न पूछकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि इंटरनेट आज के डिजिटल युग में जीवन ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विधवा, वृद्धा, परित्यक्ता व दिव्यांग पेंशनधारियों के सामने जीवन-यापन का संकट

# तीन माह से अटकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सैकड़ों हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत के विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन की राशि विगत तीन महीनों से हितग्राहियों के खातों में जमा नहीं हो पाई है। लगातार हो रही देरी से नगर के सैकड़ों जरूरतमंद नागरिक आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। पेंशन भुगतान रुकने से खासकर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है।

नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जिनके लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन ही नियमित एकमात्र साधन है। पेंशन की राशि से ही दवा, राशन, बिजली-पानी का बिल, इलाज और अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। तीन माह से राशि नहीं मिलने के कारण कई हितग्राही उधार लेकर गुजारा करने को मजबूर हैं, वहीं कुछ लोग दवाइयों तक में कटौती कर रहे हैं।



■ पार्षदों ने उठाए सवाल, सीएमओ बोले–एक सप्ताह में होगी राशि जारी



**कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर :** पेंशनधारियों का कहना है कि वे कई बार नगर पंचायत और समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुंच चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें अलग-अलग कारण बताकर लौटा दिया जाता है। किसी को तकनीकी समस्या तो किसी को प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। बुजुर्ग हितग्राहियों के लिए बार-बार कार्यालय आना-जाना बेहद कठिन साबित हो रहा है। एक वृद्ध पेंशनधारी ने बताया कि "पेंशन की राशि से ही घर का खर्च चलता है। तीन महीने से पैसा नहीं आया, तो उधारी लेकर दवा खरीदनी पड़ रही है।" वहीं एक दिव्यांग हितग्राही ने कहा कि "शारीरिक परेशानी के बावजूद कई बार कार्यालय जाना पड़ा, लेकिन अब तक समाधान नहीं मिला।"

**सप्ताहभर में होगा आबंटन :** इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ यमन देवांगन ने कहा कि सभी के खाता में आन लाइन पेंशन मिलता है, आबंटन आने वाला है जो कि एक सप्ताह में हितग्राहियों को मिल जायेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शासन द्वारा समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से संचालित की जाती हैं। ऐसे में तीन माह तक भुगतान रुके रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### पार्षदों ने स्थिति को बताया चिंताजनक

पार्षद सलीम मेमन ने बताया कि नगर पंचायत में पूर्व में कभी ऐसा नहीं हुआ कि पेंशन तीन महीने तक रुकी हो। उन्होंने कहा कि पेंशनधारी नागरिक पूरी तरह इस राशि पर निर्भर हैं और भुगतान नहीं होने से उन्हें बार-बार नगर पंचायत के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। पार्षद हरीश यादव ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा का शासन आया है, तब से नगर पंचायत में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति कमजोर हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार कार्यालय आना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और जीविकोपार्जन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने पेंशन भुगतान में देरी को प्रशासनिक लापरवाही बताया।



# स्वाति मिश्रा के भजन सुनकर झूम उठे श्रोता

**राजिम।** मंगलवार की रात मुख्य मंच से भक्ति रस सराबोर हो उठा, जब सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने अपनी सुमधुर आवाज से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति शुरू होते ही पूरा पंडाल तालियों और हर-हर महादेव तथा जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने भक्ति गीत से की, जिसके बाद एक से बढ़कर एक लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी।

राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की गूंज पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही बरसाने की छोरी राधा गोरी-गोरी, मेरे चौखट पे चलकर आज चारों धाम आए हैं तथा राधा गोरी से ब्रज की छोरी से मैया करा मेरो ब्याह जैसे भजनों पर



दर्शकों के साथ जनप्रतिनिधि झूमते दिखाई दिए। राजिम विधायक रोहित साहू ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेरे घर राम आए हैं, भक्ति में रंगी रे, शिव कैलाशी और जय-जय भोलेनाथ जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दर्शकदीर्घा में बैठे लोग हाथ उठाकर भजनों के साथ सुर मिलाते नजर आए। वहीं भजन सुनकर दर्शक दीर्घा से महिलाएं भी थिरकने लगी। स्वाति मिश्रा की मधुर आवाज ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया।

### कलाकारों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के अंत में कलाकारों का सम्मान राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, सरपंच संघ फिंगेश्वर अध्यक्ष हरिश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर दिया। मंच संचालन निरंजन साहू, मनोज सेन एवं किशोर निर्मलकर ने किया।



## खबर संक्षेप

### नवापारा में मनाई गई पं दीनदयाल की पुण्यतिथि



**नवापारा-राजिम।** अंत्योदय के प्रणेता पण्डित दीनदयाल जी के पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी नवापारा मण्डल द्वारा समर्पण दिवस मनाया गया। नगर के हृदय स्थल दीनदयाल उपाध्याय चौक में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेशी राम साहू, ,पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि दयालु गाड़ा, सभापति सचिन सचदेव, मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, महामंत्री सौरभ जैन, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तनु मिश्रा, योगिता सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार कंसारी, संजय बंगानी,साधना सौरज, धनमती साहू, डीलन कावले, किरण सोनी, उमा कंसारी, संजीव सोनी, अनुज राजपूत, देवेन्द्र सेन, लीला निषाद उपस्थित थे।

### विधायक सहित स्थानीय मातृशक्तियां भी भोज में हुई शामिल



**राजिम।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान दुल्हा-दुल्हन,घराती-बराती सहित स्थानीय विधायक रोहित साहू,पत्रकार एवं मातृशक्तियां शानदार माहोल में वैवाहिक समारोह के उपलक्ष्य में अच्छे माहोल में भोजन प्रसादी ग्रहण किया। हजारो लोगो के लिए यहां भोजन बनाया गया था।

### निधन

### बलीराम भोई

**नवापारा-राजिम।** भोई समाज



नवापारा राज के पूर्व कोषाध्यक्ष, एवं नवजागरण दुर्गा समिति के पंडा भोईपारा निवासी बलीराम भोई का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें शहर एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### हरदी पंचायत के डागनबाय में रोजगार, आवास और चावल दिवस का आयोजन

# रोजगार दिवस पर लगी चौपाल, अब 100 नहीं 125 दिन तक मिलेगा काम: बंजारे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** पंचायत हरदी के आश्रित गांव डागनबाय में तालाब गहरीकरण निर्माण जमुना बाई संतराम के कार्य स्थल पर पहुचकर मजदूरी रोजगार के दौरान प्रत्येक माह के 7 तरीक को रोजगार दिवस ,आवास दिवस,चावल दिवस के रूप में रोजगार सहायक मीरा कंवर के द्वारा प्रतिमाह हितग्राही मजदूरों और ग्रामवासियों के मध्यम मनाया जाता है।

इस अवसर पर रुपनाथ बंजारे अध्यक्ष उप सरपंच संघ छुरा व उप सरपंच ग्राम पंचायत हरदी एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा ने हितग्राही मजदूरों को जानकारी देते हुए कहा आपके बूथ क्रमांक 151 के अध्यक्ष रामरतन साहू के नेतृत्व में यह चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमे बताते हुए प्रसन्नता हो रहा है कि भारत सरकार द्वारा नए विधेयक के अनुसार, अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों की जगह 125 दिनो के रोजगार की गारंटी देने



का कार्य करेगी जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक काम और आय के अवसर मिल सकेंगे। इसके साथ ही मजदूरी भुगतान में भी अहम बदलाव किया गया है।मजदूरी भुगतान की जिम्मेदारी अब केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच साझा होगी।खेती के पीक सीजन के दौरान गारंटीड काम को अस्थायी रूप से रोकने का प्रावधान रखा गया है, ताकि कृषि गतिविधियां प्रभावित न हों। सबसे महत्वपूर्ण सुधार यह है कि अब मजदूरी का भुगतान 15 दिनों की बजाय साप्ताहिक आधार पर करने की योजना है, जिससे श्रमिकों को समय पर भुगतान मिल सके।

**ग्रामीण को मजबूत करना है वीबी जीरामजी का उद्देश्य :** इन बदलावों के जरिए सरकार का लक्ष्य विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण को मजबूत करना है, ताकि यह योजना विकसित भारत 2047 के अनुरूप ग्रामीण विकास को गति दे सके।ग्रामीण भारत की आर्थिक नींव को मजबूत करने में अहम हिस्सा माना जाएगा। यह बिल केवल मज़दूरी आधारित रोजगार तक सीमित नहीं है,बल्कि ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर,आजीविका सृजन , कौशल विकास,और उत्पादक परिसंपत्तियों में निवेश के जरिए गांवों की स्थायी आय बढ़ाने का स्पष्ट रोडमैप पेश करता है। सरकार का लक्ष्य है कि वी बी जी राम जी के माध्यम से 2047 तक ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर ,समृद्ध और आधुनिक अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाया जाए, ताकि समग्र राष्ट्रीय विकास को गति मिल सके।उक्त कार्यक्रम में पंचायत सभापति शत्रुहन कंवर, रमन जगत, जयराम साहू, खेमचंद,तिलक साहू, एवं इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवापारा पीएमश्री स्कूल के छात्रों व शिक्षिका ने अहमदाबाद में विजिट की इसरो एक्सपोजर



**नवापारा-राजिम।** एक्सपोजर विजिट इसरो सैक अहमदाबाद के लिए छ.ग. के रायपुर जिले के 12 पीएमश्री स्कूलों का चयन हुआ था। जिसमें पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय नवापारा से नीलम साहू व्याख्याता एवं कक्षा 10 वीं टॉपर्स हिन्दी मिडियम से शारदा साहू एवं अंग्रेजी माध्यम से हंसिका साहू का चयन हुआ था। सभी छात्राओं एवं शिक्षक को संस्था प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने हरी झण्डी के साथ शुभ यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

- छात्राओं ने साइंस सिटी, रोबोटिक गैलरी और अक्षरधाम का किया अवलोकन

अहमदाबाद में शिक्षिका एवं छात्रों ने साइंस सिटी, एनर्जी पार्क, रोबोटिक गैलरी, अक्षरधाम एवं आईएसआरओ एसएससी का विजिट किया एवं उन्होंने वहां से विभिन्न जानकारी प्राप्त किया साथ ही छात्र अक से रूबरू हुए एवं गगन यान मॉडल के बारे में विभिन्न जानकारी प्राप्त किया। आईएसआरओ एसएससी के डायरेक्टर निलेश देसाई सर ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किया। सभी छात्र एवं शिक्षक ने इस कार्यक्रम की सराहना की साथ ही संस्था के प्राचार्य दानी ने सरकार एवं समग्र शिक्षा का आभार व्यक्त किया और आने वाले समय में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होते रहने का कामना की जिससे छात्र एवं शिक्षकों को मार्गर्शन मिलता रहे। शाला परिवार ने भी इस शैक्षणिक भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही शाला प्रबंधन समितिम ने इस अवसर पर हरिहर शाला को बधाई प्रेषित की है ।

# सरकारी ड्रिप इरिगेशन योजना के अंतर्गत किसान समिति का गठन

**रसेला।** ग्राम रसेला में 10 फरवरी को हनुमान मंदिर रंगमंच पर सरकारी ड्रिप इरिगेशन योजना के अंतर्गत ग्राम रसेला और ग्राम मेडकीडबरी के किसानों की ड्रिप सिंचाई प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों ग्रामों का किसान समिति का भी सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, नंदकिशोर यादव, शिवा भवार, शेखर कुशवाहा, उधो चन्द्राकार,शुभम अग्रवाल, छबीलाल, नागेन्द्र सिंग मौके पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर शेखर कुशवाहा ने बताया कि आपके क्षेत्र में चल रही सरकारी ड्रिप इरिगेशन योजना, जिसका कार्य कोठारी एग्रीटेक प्रा.लि. के द्वारा किया गया है,अब यहां कार्य अंतिम चरण में है। साथ ही बताया कि इस योजना को भविष्य में सुचारू रूप से चलाने व देखरेख करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या से बचने हेतु एक समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण संगोष्ठी आयोजित किया गया। इस किसान संगोष्ठी में हिराबतर के ड्रिप सिंचाई पद्धति से खेती करने वाले उधो चन्द्राकार ने अपनी जीवन में कैसे संघर्ष कर आगे बढ़ें और आज उद्यानिकी विभाग की सहायता से 1 एकड़ से शुभारंभ करने वाले उधो आज लीज में जमीन लेकर 25 एकड़ में ड्रिप सिंचाई पद्धति से खेती बाड़ी कर रहे हैं,उसको विस्तार पूर्वक



जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि आप लोगों को फ्री में सरकार पानी की व्यवस्था कर दिया है, इसका उपयोग आप लोगों ज़रूर करिये।

**ये हुए समिति में शामिल :** इसी कड़ी में इस योजना को संचालित करने के लिए एक सर्वसम्मत से एक समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षण के रूप में सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, लोकराम यादव पटेल, डी आर यादव, धनसाय ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, अध्यक्ष बिग्रेद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सुरेन्द्र ध्रुव, धनीराम यादव, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सचिव भावसिह मरकाम, सहसचिव यशराम यादव का चयनित किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान ईश्वर कोमर्रा, पुरोहित यादव,कसराम ठाकुर, सियाराम ध्रुव, देवलाल निषाद, लोकराम ध्रुव,लक्ष्छन यादव, कार्तिक यादव, रामायण ठाकुर, शंकर कुर्रे, जगतराम यादव, धनेश्वर ठाकुर, किशुन निषाद, धनीराम ठाकुर सहित दोनों ग्राम के कृषक उपस्थित थे।



## फाइलेरिया जन्मजात या अनुवांशिक नहीं है: पूरनलाल

**फिंगेश्वर।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को प्रीति तुमानिया ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पल्लवी सोनी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिन भानू साहू एवं कृषि मित्र सुमित्र पटेल की उपस्थिति में दवाई खिलाई गई।

फाइलेरिया के संदर्भ में जानकारी देते हुए संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता पूरन लाल साहू ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2027 तक फाइलेरिया(हाथीपाँव) को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है।यह फाइलेरिया जन्मजात या अनुवांशिक नहीं है। मच्छर जब संक्रमित व्यक्ति को काटकर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो माइक्रोफाइलेरिया के परजीवी ब्लड सेल्स के माध्यम से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर उसे फाइलेरिया रोगी बना देता है और धीरे–धीरे अपंगता को बढ़ाता है।फाइलेरिया से बचाव का एकमात्र कारगर उपाय नियमित और सही तरीके से दवा का सेवन है। उन्होंने आगे स्वच्छता के संदर्भ में कहा कि गंदा पानी में मच्छर पनपता है। इसलिए घर के आसपास साफ सफाई रखते हुए गंदा पानी जमा नहीं होने देना चाहिए।रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# इवेंट एजेंसी के हवाले हुआ राजिम मेला: मीना बाजार में मायूसी, झूला संचालकों भी हैं संकट में

**राजिम।** राजिम मेला इस बार रंग-रौनक से ज्यादा सवालों के घेरे में है। आयोजन की बागडोर इवेंट एजेंसी को सौंपे जाने के बाद जहां मंचीय कार्यक्रमों और साज-सज्जा पर जोर दिखा, वहीं मीना बाजार के छोटे व्यापारियों और झूला संचालकों के हिस्से मायूसी आई है। हालात यह हैं कि कई दुकानदार माथा पकड़कर बैठने को मजबूर हैं। कारण भी साफ है दिन में तेज धूप के चलते मेला घुमने वाले लोगो की संख्या हजार-पांच सौ तक सिमट गया है लिहाजा घुमने वाले व खरीदार नदारद है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार अन्य व्यवस्थाओं का खर्च पहले की तुलना में अधिक है। ऊपर से खाने-पीने और खेल-खिलौनों के दाम भी बढ़ गए हैं। नतीजा यह कि मेले में आने वाले लोग सीमित खरीदारी कर रहे हैं। दोपहर में तेज धूप और बिखरी गर्मी के कारण मेले में भीड़ कम दिखती है। अनुमानतः दिनभर में मुश्किल से पाँच सौ लोग ही पहुंच रहे हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में कम माने जा रहे हैं। शाम को कुछ रौनक बढ़ती है, लेकिन वह भी उम्मीद के अनुरूप नहीं। मौसम की मार के चलते कारोबार ठप्प पड़ गया है। मौसम भी मेले के कारोबार पर भारी पड़ा है। दिन में जेठ-वैशाख जैसी तपन और रात में हल्की ठंडक-इस उतार-चढ़ाव ने लोगों की आवाजाही पर असर डाला है। परिवार दिन में निकलने से बच रहे हैं और रात में ठंडक के कारण देर तक ठहर नहीं पा रहे। इसका सीधा असर झूला, खेल तमाशा और छोटे दुकानदारों पर पड़ा है। झूला संचालकों का कहना है कि किराया और डीजल-जनरेटर खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है।

- तेज धूप और बढ़े खर्च ने मीना बाजार में ग्राहकों की संख्या घटाई

### भीड़ बढ़ने की उम्मीद है लेकिन भविष्य पर संशय: प्रशासन

हालांकि प्रशासन का कहना है कि मेले को आधुनिक स्वरूप देने की कोशिश की गई है और आने वाले दिनों में भीड़ बढ़ने की उम्मीद है लेकिन भविष्य पर संशय है। राजिम मेला क्षेत्र की पहचान और आस्था का केंद्र रहा है। यदि मीना बाजार के व्यापारी और झूला संचालक ही हतोत्साहित हो गए तो मेले की पारंपरिक रौनक प्रभावित हो सकती है। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन इवेंट और व्यापारी मिलकर समाधान निकालें, ताकि अगले वर्ष मेले की चमक लौटे और छोटे व्यापारियों का विश्वास भी बना रहे। फिलहाल, हाई-फाई इंतजामों के बीच मीना बाजार की मायूसी मेले की असली कहानी बयान कर रहा है।

**मीना बाजार का आकर्षण पड़ा फीका :** एक संचालक ने कहा, अगर यही स्थिति रही तो अगले साल केवल झूला वाले शायद ही आएंगे, पूरा मीना बाजार लगाना घाटे का सौदा हो जाएगा। कई छोटे दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्षों में स्थानीय प्रबंधन के दौरान उन्हें बेहतर सहयोग और भीड़ मिलती थी, जबकि इस बार व्यवस्थाएं हाई-फाई जरूर दिख रही हैं, पर जमीनी स्तर पर व्यापार ठप है। व्यापारियों का आरोप है कि आयोजन में स्थानीय जरूरतों और छोटे व्यापारियों की क्षमता का ध्यान नहीं रखा गया। बड़े मंच और सजावट के बीच पारंपरिक मीना बाजार का आकर्षण फीका पड़ गया है।

### रक्तदान शिविर और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण का वितरण

# पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हुआ सेवा व समर्पण कार्यक्रम

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रवाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जनपद पंचायत फिंगेश्वर में सेवा और समर्पण का आयोजन देखने को मिला। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में रक्तदान शिविर और दिव्यांगों के लिए बैसाखी,मोटराइज्ड ट्रायसिकल,सामान्य ट्रायसिकल और व्हील चेयर जैसे सहायक उपकरण वितरित किया गया।

- चार ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर प्रदान, समाज कल्याण में जनपद पंचायत का योगदान

इसके अलावा फिंगेश्वर विकासखंड के चार ग्राम पंचायतों परसदा कला,धुरसा,पोखरा और बोरिद को पानी टैंकर प्रदान किया गया।जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू ने स्वयं रक्तदान कर प्रेरक संदेश दिया।शिविर में भाग लेकर उन्होंने रक्तदान किया और समाज के सामने एक अनुकरणीय मिसाल पेश की।इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्र को समर्पित था।रक्तदान महादान है और इससे





बड़ा सेवा का कोई दूसरा माध्यम नहीं हो सकता।हमारा उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति रक्त के अभाव से ग्रसित न हों।उन्होंने अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास का संकल्प दोहराया।अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जन–कल्याणकारी आयोजन की प्रतिबद्धता को दोहराया।उपाध्यक्ष सतीश यादव ने लाभार्थियों को ट्राईसिकल सौंपते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोड़ना ही दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है यही अंत्योदय का संकल्प है जो भाजपा सरकार सार्थक कर रही है।इस दौरान ट्राईसिकल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने जनपद पंचायत के इस प्रयास की सराहना की।जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू , उपाध्यक्ष सतीश यादव सहित जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों को ट्रायसिकल,बैसाखी,व्हील चेयर और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए जिसमें ग्राम परतेवा के विष्णुराम साहू और कुशाल वर्मा को बैसाखी,ग्राम परतेवा के ही खोवालाल धुरव और गोविंद धुर्रव को व्हील चेयर,उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी ग्राम गुण्डरदेही के जनकराम धुरव को सामान्य ट्रायसिकल तथा ग्राम गनियारी के जमुना बाई,ग्राम तर्रीघाट के डिगेश आण्डे,ग्राम तर्रा के यादराम साहू,ग्राम कौन्दकेरा के दिवाकर मंडल और ग्राम गुण्डरदेही के नरेश दीवान को मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत के सदस्यगण,सरपंचगण,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आसराम कंवर तथा अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### 130 एकड़ चारागाह भूमि ...

अपनी बहनों को बुलाकर भू-स्वामी के चलते फौती नामान्तण की तैयारी में जुटे थे। ख नं 115 रकबा 10.5200हे ख नं 117 रकबा 0.8400 ख नं 118 रकबा 0.3700 ख नं 130 रकबा 0.3300 ख नं 131 रकबा 11.0300 ख नं 191 रकबा 16.7000 ख नं 1164 रकबा 11.6800 ख नं 1165 रकबा 04600 कुल 51.9300 हेक्टेयर भूमि है। जो जौन्दी से चम्पारण मुख्य मार्ग पर दोनों साइड स्थित है। जिसे फौती नामान्तण दर्ज करा बेचने के फिराक में थे।

### राजिम-नवापारा मार्ग पर...

में दौड़ते हाइवा को अपनी आंखो से देखा। ईधर स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार हाइवा चालक नशे की हालत में वाहन चलाते देखे गए हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही संभव है, लेकिन नागरिकों की मांग है कि रात के समय विशेष जांच अभियान चलाकर ड्राइवरों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाए। अधिकतर ड्राइवर नशे की हालत में रहते हुए नियमों की अनदेखी करते है। जबकि भारी वाहनों के लिए शहर की सीमा में गति सीमा तय होती है। रात के समय भीड़ कम होने का मतलब यह नहीं कि नियम शिथिल हो जाएं? ट्रैफिक नियमों के अनुसार भारी वाहनों को नियंत्रित गति और सतर्कता के साथ चलना अनिवार्य है। यदि सीसीटीवी फुटेज में दर्ज रफ्तार सही है, तो यह स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। शहरवासियों ने मांग की है कि रात में हाइवा और अन्य भारी वाहनों की एंट्री समयबद्ध की जाए। नियमित नाका चेकिंग और स्पीड गन से निगरानी की जाए।

**मांग: सीसीटीवी के आधार पर हो कार्रवाई :** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संबंधित वाहन और चालक की पहचान कर कड़ी कार्रवाई हो। नशे में वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं। शहर के सामाजिक संगठनों का कहना है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए। समय रहते सख्ती बरती गई तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। राजिम और नवापारा जैसे व्यस्त मार्ग पर बेलगाम रफ्तार न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। अब निगाहें पुलिस विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं-ताकि सड़कों पर सुरक्षा का भरोसा कायम रह सके और रात की खामोशी में रफ्तार का आतंक खत्म हो।

### जिले में सुरक्षित इंटरनेट...

का अभिन्न अंग बन चुका है, किन्तु इसके साथ साइबर धोखाधड़ी, फिशिंग, डेटा चोरी एवं ऑनलाइन ठगी जैसे खतरे भी हुए हैं। उन्होंने कार्यशाला में जागरूक किया कि किसी भी प्रकार की साइबर घटना की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा अधिकृत माध्यमों का उपयोग करें।

**सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के महत्व पर दी जानकारी :** इस दौरान ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मिथिलेश देवांगन द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने एआई के बढ़ते उपयोग, उससे जुड़े संभावित जोखिमों तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी प्राप्त कर साइबर जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

# भालूकोना तक पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत डामरीकृत सड़क का निर्माण हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्रामो के ग्रामीणो को आने जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही गांवो में विकास की रौशनी पहुंचाने के लिए केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू किया गया है जिसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति ग्रामो तक मुलभुत सुविधाएं पहुंचाने सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है।

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम भालुकोना तक आजादी के 79 वर्षो पश्चात डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणो में खुशी देखने को मिल रही है और इसके लिए केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से 08 किमी दूर तुहामेटा मार्ग से भालुकोना 1.80 किमी डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जनमन के तहत 19.03.2024 को कार्य प्रारंभ किया गया यह सड़क का निर्माण 94.53 लाख रूपये की लागत से किया गया है और एक सप्ताह पहले यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से अब भालुकोना व आसपास के ग्रामो व पाराटोला के रहनवासियो को जहां आने जाने में सुविधा मिलेगी वही इस मार्ग में नदी में रपटा निर्माण करने से अब बारिश के दिनो में भी ग्रामीणो को कोई परेशानी नही होगी।

## आजादी के बाद पहली बार हुआ जनजाति ग्राम तक पक्की सड़क का निर्माण

### ग्रामीणों को बड़ी राहत

ज्ञात हो कि इस मार्ग में घुटने तक कीचड़ व दलदल के कारण बरसात के दिनो में ग्रामीणो को आने जाने में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था अब पक्की डामरीकरण सड़क निर्माण से जहां एक ओर स्कूली छात्र –छात्राओं को स्कूल तक पढ़ाई करने आने जाने में कोई परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा वही यहां के ग्रामीण व आसपास पाराटोला के कमार जनजाति के लोग अपने पारंपरिक व्यवसाय बांस बर्तन का निर्माण कर उसे सप्ताहिक बाजार मैनपुर तक लाकर बेचते है उन्हे अब सप्ताहिक बाजार आने जाने में आसानी होगी निश्चित रूप से जनमन योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना डामरीकरण सड़क निर्माण का लाभ ग्रामीणो को मिल रहा है।



### क्या कहते है अफसर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिशेक पाटकर ने बताया पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति ग्राम तुहामेटा भालुकोना तक सड़क निर्माण कार्य किया गया है और सड़को में निर्माण कार्य तेजगति से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता त्रस्त, हर मोर्चे पर नियंत्रण खो चुकीः रामकृष्ण

**मैनपुर।** भाजपा सरकार के दो वर्श के शासन में प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है हर मोर्चे पर सरकार नियंत्रण खो चुकी है।



उक्त बाते ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा छत्तीसगढ़ की बहुमुल्य खनिज संपदा को उद्योगपतियो के हवाले करने की तैयारी किया जा रहा है सैकड़ो किसान धान बेचने से वंचित हो गये। सत्यापन और एग्रीस्टेक कार्य के लिए अंतिम तक किसान घुमते रहे। भाजपा सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी से लेकर वोटर लिस्ट तक गड़बड़ी के चलते पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है। श्री ध्रुव ने आगे कहा भाजपा के सांसद विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रहे है राजिम कुंभ में करोड़ो का बजट के बावजूद भारी अव्यवस्था है स्थानीय कलाकारो एवं पहुंचने वाले श्रद्धालुओ को भारी अव्यवस्थाओ का सामना करना पड़ रहा है कोई ढंग का इंतिजाम नही है पैसा कहा खर्च किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा भाजपा के विधायक रोहित साहू स्वयं मेला में अव्यवस्था को लेकर अधिकारियो पर नराजगी जता रहे है और सवाल उठा रहे है जो जनता को सोचने को मजबुर करता है।

### सुरता संगवारी कार्यक्रम में पूर्व छात्रों का हुआ मिलन

**अभनपुर।** पीएमश्री सेजेस खोरपा में सुरता संगवारी कार्यक्रम के तहत वर्ष 1980 से 1995 तक के पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर उस अवधि के गुरुजनों को भी आमंत्रित कर शाला परिवार एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसिंग साहू द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की घंटी एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात इस अवधि के दिवंगत शिक्षक एवं विद्यार्थियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल प्रांगण में आयोजित यह पहला ऐसा भव्य समारोह था, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण जनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य श्रीमती सुनीता सिसोदिया ने दिया। पूर्व शिक्षकों के.आर. साहू, श्रीराम साहू, बी.आर. साहू, पी.एन. पाठक एवं आर.एल. चतुर्वेदानी ने अपने शिक्षकीय अनुभव साझा करते हुए उस दौर की चुनौतियों और संस्मरणों पर प्रकाश डाला। पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव एवं उपलब्धियों को साझा कर विद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन धीवर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत नामदेव,श्रीमती जामबाई साहू सहित शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामसिंग साहू एवं सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

## 283 जोड़ों का एक साथ सामूहिक विवाह होना बहुत बड़ी बात - मंत्री राजेश अग्रवाल

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 283 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम








कल्पकुंभ मेला के दौरान मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू ने की। इस अवसर पर मंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह और खुशहाल जीवन की शुभकामना देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि 283 जोड़ों का एक साथ सामूहिक विवाह होना बहुत बड़ी बात है। जिसमें राजिम विधानसभा के 94, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के 181 एवं कुरूद विधानसभा के 8 जोड़े शामिल है। इसमें 4 आत्मसमर्पित नक्सली नवदंपतियाँ भी शामिल है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विभाग द्वारा 50 हजार रुपए का व्यय किया जाता है। जिसमें 35 हजार रुपए वधु के बैंक खाते में हस्तांतरित कर किया जाता है तथा 7 हजार रुपए के श्रृंगार सामग्री एवं व्यवस्था मद में प्रति जोड़े 8 हजार का खर्च किया जाता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में बेटी की शादी हर परिवार के लिए एक बड़ा सपना और बड़ी चिंता होती है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित सामूहिक कन्या विवाह जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही 35 हजार रुपये की सहायता राशि से परिवारों को सहारा मिलता है और वे सम्मान के साथ अपनी बेटी का विवाह कर पाते हैं। जब कई बेटियों की शादी एक साथ, पूरे सम्मान और रीति-रिवाजों के साथ होती है, तो यह समाज के लिए गर्व की बात है। श्री अग्रवाल ने जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका वैवाहिक जीवन सुख, शांति और प्रेम से भरा रहे तथा दोनों परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

**मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान - विधायक रोहित साहू :** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में विधायक रोहित साहू ने सारगर्भित एवं प्रभावशाली उदबोधन देते हुए योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गरीब बेटियों की शादी की चिंता को अपनी प्राथमिकता बनाया है और यह योजना वास्तव में जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा सामूहिक विवाह जैसे आयोजन न केवल सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं, बल्कि गरीब परिवारों को आर्थिक संबल भी प्रदान करते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील सोच का प्रतीक है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। साथ ही कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से पारदर्शिता, सादगी और सामाजिक एकता का संदेश भी समाज में जा रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता और परिजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराए गए, जिससे वातावरण भावुक और उत्साहपूर्ण बना रहा। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राज्य सरकार आगे भी गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के हित में ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं लाती रहेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन और संबंधित विभागों की भी उन्होंने सराहना किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान है। सामूहिक विवाह के माध्यम से बेटियों का विवाह पूरे सम्मान, रीति-रिवाज और खुशी के साथ संपन्न कराया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय मौजूद थे।

## समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महान चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को जिले में समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं विचार संगोष्ठी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग ले कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यवसायी वित्त निगम के अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर तथा प्रदेश सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ मुरलीधर सिन्हा ने विचार व्यक्त किए। उनके साथ जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा एवं सुमित पारख ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया।

अपने संबोधन में सुरेंद्र बेसरा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, त्याग और सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अंत्योदय के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का जो संकल्प दिया, वही आज के सुशासन की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करने का आग्रह किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने किया। इस अवसर पर बलदेव सिंह हुंदल, विजय टाक, संतोष यादव, धनंजय नेताम, त्रिलोक राठौर, सागर मयानी, नरोत्तम साहू, प्रशांत मानिकपुरी, मिलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, खेम बघेल, कोमल सोनवानी, प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि समर्पण दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि संगठन और राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिवस है। उन्होंने सहकारिता आंदोलन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों का स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं जनकल्याण के प्रति अपने दायित्वों को दोहराया। वरिष्ठ नेताओं द्वारा अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

## धान खरीदी को लेकर आप ने किया मुख्यमंत्री निवास घेराव




**गरियाबंद /छुरा।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीति के कारण प्रदेश के लगभग 3 लाख किसान अब तक धान नहीं बेंच पाये हैं, धान की राशि एक मुश्त देने तथा धान खरीदी की तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाने की मांगो को लेकर कल 10 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी ने रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जिसमें गरियाबंद जिले के सैकड़ों आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता घेराव में शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी गरियाबंद जिलाध्यक्ष चमन यादव ने बताया कि धान बुवाई से लेकर अब तक सरकार ने किसानों को अनदेखा किया है। कभी बीज नहीं, कभी खाद नहीं और जब धान कट गया तो टोकन के लिए किसानों को भटकना पड़ा और उन्हें अपमानित किया गया। आज भी लगभग 3 लाख किसान धान नहीं बेंच पाये हैं उन्होंने जो कर्जा लिया है वे उसको कैसे पटाएंगे? उन्हें यह सरकार आत्महत्या करने मजबूर कर रही है। धान खरीदी में सरकार पूरी तरह विफल रही है। यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के खिलाफ सुनियोजित साजिश है। सरकार ने कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों को सड़क पर खड़ा कर दिया है। अगर सरकार ने तुरंत धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई, तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

### ये रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री निवास घेराव में आम आदमी पार्टी की ओर जोन सहप्रभारी रुद्रसेन सिन्हा, लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, जिलाध्यक्ष चमन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ हरीश कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ जीवन लाल जांगड़े, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोहन सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष छुरा खेमसिंग ठाकुर, ब्लॉक संगठन मंत्री तेजराम ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्षयूथ इरफ़ान खान ब्लॉक अध्यक्ष यूथ दलेश्वर नागेश, दिनेश तारक, नूतन साहू, गुलशन मोंगरे,जिसान मेमन, शाहिद खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नई दिल्ली प्रशिक्षण शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने सीखे संगठन प्रबंधन के गुर



**गरियाबंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत इंदिरा भवन नई दिल्ली में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सक्रिय भागीदारी करते हुए संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त, सक्रिय और जनमुखी बनाना रहा। इस दौरान संगठन की संरचना, कार्यप्रणाली, जनसंपर्क, बूथ मैनेजमेंट, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा और प्रशिक्षण दिया गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने जिला अध्यक्षों को संगठन विस्तार, अनुशासन, समन्वय और चुनावी रणनीति के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर गरियाबंद अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला अभियान है। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही प्रभावी ढंग से जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष कर सकेगी।

## केरिपु बल की 65वीं बटालियन ने बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के गांवों में चलाया नागरिक सहायता कार्यक्रम



**गरियाबंद/मैनपुर।** जिला गरियाबंद के मैनपुर थाना अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ चौकी क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 65वीं बटालियन द्वारा नागरिक सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडेंट रणविजय मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम बिन्द्रानवागढ़, तिमनपुर, भैसामुड़ा, बेगरपाला, कामेपुर और धवलपुर सहित आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।

- सकारात्मक जुड़ाव बढ़ाकर नक्सल प्रभाव को कम करने का प्रयास

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को कंबल, कृषि उपकरण, महिलाओं के लिए साड़ी, बर्तन, पानी की टंकी (सिनटेक्स) सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री प्रदान की गई। स्कूली बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, बॉक्स और स्कूल बैग जैसी अध्ययन सामग्री वितरित की गई। वहीं स्थानीय युवाओं को खेलकूद को प्रोत्साहित करने हेतु वॉलीबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट की खेल सामग्री भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की सहायता करना, गांवों के विकास में सहयोग देना तथा युवाओं को शिक्षा और खेल के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देकर क्षेत्र में नक्सल प्रभाव को कम करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### आगे भी होंगे ऐसे आयोजनः कमांडेंट मिश्रा

इस अवसर पर कमांडेंट रणविजय मिश्रा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी असामाजिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों को दें।



### ये रहे उपस्थित


कार्यक्रम में उप कमांडेंट सुधेन्द्र सिंह, निरीक्षक डी.पी. चतुर्वेदी, निरीक्षक पियूष कुमार सिंह, उप निरीक्षक भूनेश्वरी नरेटी (चौकी प्रभारी बिन्द्रानवागढ़) सहित 65वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वयं दवा सेवन कर नपं अध्यक्ष ने किया फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

**छुरा।** में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे सामूहिक दवा वितरण अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने स्वयं दवा का सेवन कर आम नागरिकों को दवा खिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की।

कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्तन साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सभापति बलराज पटेल, अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलम बाई, कामिनी यादव, सुखीराम निषाद, नेमीचंद साहू शिक्षक एवं शासकीय अस्पताल के कर्मचारियों ने भी दवा का सेवन किया तथा उपस्थित नागरिकों को दवा खिलाकर उन्हें जागरूक किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव हेतु दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सहयोग करते हुए निर्धारित दवा अवश्य सेवन करने की अपील की, ताकि क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## खादों की कीमत में वृद्धि किसानों की मूसीबत : साहू



**फिंगेश्वर।** एनपीके खाद और पोटाश की कीमतों में वृद्धि को किसानों के साथ अन्याय बताते हुए ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा कि एक तरफ सरकार विगत 2 वर्षोर् से धान के एमएसपी में वृद्धि का लाभ किसानों को नहीं दे रही है तो वही दूसरी ओर खाद की कीमतों में लगातार वृद्धि कर रही है। एनपीके की कीमत 1720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1900 रुपए और पोटाश की कीमत 1500 से बढ़ाकर 1800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया ह। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 प्रति बोरी बढ़ाया गया है,अर्थात 860 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ है।इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। उत्पादन लागत लगातार बढ़ रहा है।ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों से छल कर रही है। यूरिया खाद में नाइट्रोजन की मात्र 46 प्रतिशत से घटाकर 37 प्रतिशत कर दिया गया है और इसमें 17 प्रतिशत सल्फर की मिलावट की जा रही है।पहले प्रति बैग यूरिया में लगभग 30 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलता था अब घटाकर यह मात्र 15 किलोग्राम रह गया है।इसका मतलब साफ है की प्रति किलोग्राम नाइट्रोजन उर्वरक खरीदने के लिए किसानों को पहले की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी अधिक सल्फर की मात्र अनाज दलहन और तिलहन के फसलों के लिए नुकसान देह होगा। 50 किलो की बोरी के स्थान पर 40 किलो वजन का बैग बनाया जा रहा है अर्थात बोरी का वजन और उसमें नाइट्रोजन की मात्र दोनों घटाने के साथ ही अनुपयोगी गुणवत्ताहीन नैनो यूरिया थोपने का कुत्सिक प्रयास किया जा रहा है।

# संस्कृति, आस्था व व्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में राजिम कल्प कुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

माघ पूर्णिमा से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला राजिम कुंभ मेला इन दिनों आस्था, संस्कृति और व्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में है। एक ओर श्रद्धालुओं की भीड़, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन हैं, तो दूसरी ओर मेले की जमीनी हकीकत को सामने लाने में जुटे मीडियाकर्मी भी लगातार सक्रिय हैं।

इस बीच मेले की व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवालों और वास्तविक तस्वीरों को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जमीनी हकीकत सामने ला रहे मीडियाकर्मी पिछले कई दिनों से मेले की व्यवस्थाओं-भीड़ प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मीना बाजार की स्थिति और प्रशासनिक तैयारियों-को लेकर तथ्यपरक रिपोर्टिंग कर रहे हैं। कई रिपोर्टों में जहां सकारात्मक पहलुओं को स्थान मिला, वहीं अव्यवस्थाओं और कमियों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

पत्रकारों का कहना है कि मेला केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा आयोजन है, इसलिए सच्ची और संतुलित तस्वीर सामने लाना उनका दायित्व है। पत्रकारिता का धर्म जनहित की निष्पक्ष खबर देना है। खबर का सरोकार जनता से है। व्यवस्थाओं की खामियों, भीड़ की स्थिति, सांस्कृतिक मंच की वास्तविकता और व्यापारियों की परेशानियों पर लगातार खबरें प्रकाशित हो रही हैं।



### जनभावनाओं और प्रशासनिक जवाबदेही के बीच सेतु बना मीडिया

यह भी सामने आया है कि सकारात्मक पहलुओं-जैसे धार्मिक आस्था, सुरक्षा प्रबंध और कुछ सफल आयोजन-को भी समान रूप से स्थान दिया जा रहा है, ताकि पाठकों को संतुलित और व्यापक जानकारी मिल सके। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका राजिम कुंभ जैसे बड़े आयोजन में केवल प्रचार तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह जनभावनाओं और प्रशासनिक जवाबदेही के बीच सेतु का काम करता है। ऐसे में पत्रकारों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद मानी जाती है। फिलहाल, मेला अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। आस्था के इस महाकुंभ के बीच यह बहस भी तेज है कि पत्रकारिता का मूल धर्म क्या है- और जमीनी रिपोर्टिंग ही इस सवाल का सबसे ठोस जवाब बनकर उभर रही है।

## आईएसबीएम विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर विशेष आयोजन

# विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और उपलब्धियों पर किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की भा गी दा री , उपलब्धियों तथा भविष्य की संभावनाओं को उजागर करना रहा।

- रोल प्ले के माध्यम से छात्राओं ने प्रस्तुत की महान वैज्ञानिकों की प्रेरक गाथा

कार्यक्रम के शुरुआत मे डॉ. पी. विश्वनाथन, विज्ञान अधिष्ठाता ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की तथा भारत की प्रथम महिला चिकित्सक डॉ. मुक्तालक्ष्मी रेड्डी के योगदान के बारे में जानकारी देकर छात्राओं को प्रेरित किया गया।

इसके पश्चात प्रोफेसर शुभाशीष बिस्वास, छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा परिचयात्मक भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य को विस्तार से समझाया गया तथा अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस मनाए जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह दिवस विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने एवं लैंगिक समानता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रोफेसर आनंद महालवार, कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं की वर्तमान स्थिति, उनके सामने आने वाली चुनौतियों तथा महिलाओं में समस्याओं को समझने एवं समाधान खोजने की विशेष क्षमता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने टेस्सी थॉमस, आशिमा चटर्जी, आनंदीबाई जोशी तथा कल्पना चावला जैसी महान महिलाओं के जीवन एवं वैज्ञानिक योगदान के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को वैज्ञानिक सोच अपनाने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने एवं नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**रोल प्ले बना आकर्षण का केंद्र :** इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रोल प्ले के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की ऐतिहासिक एवं समकालीन भूमिका को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इस रोल प्ले में बीसीए छठवें सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सस्मिता ध्रुव ने मैरी क्यूरी, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री त्रांबिका ने कल्पना चावला तथा सुश्री मोनिका ने जानकी अम्मल की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों की इस सजीव प्रस्तुति ने उपस्थित सभी श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम के अंत में सुश्री रेखा साहू, सहायक प्राध्यापक (भौतिकी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे उनमें विज्ञान के प्रति रुचि एवं महिलाओं की भूमिका को समझने की नई दृष्टि विकसित हुई।





### लैंगिक समानता के महत्व पर दिया बल

इसके पश्चात प्रोफेसर एन. के. स्वामी, आई क्यू ए सी निर्देशक एवं अकादमी अधिष्ठाता ने अपने भाषण में समाज एवं विज्ञान शिक्षा में महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए लैंगिक समानता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं: सुरेन्द्र



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बेसरा का मैनपुर मंडल में प्रथम आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया मैनपुर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में श्री बेसरा ने मैनपुर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा और संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में सुरेंद्र कुमार बेसरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना, राष्ट्रहित सर्वोपरि और समर्पित जनसेवा ही भाजपा की मूल पहचान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व लोक निर्माण विभाग मैनपुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पथप्रदर्शक, राष्ट्रऋषि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शोर् को स्मरण किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामदास वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, उपाध्यक्ष तिजेश्वर सिन्हा, अनूप कश्यप, मंत्री सुहागा पाडे, दिलीप साहू, किशोर यदु, रुपेश साहू, तुलसी राठौर, सुधीर ठाकुर, नंदकिशोर चौबे, हेमंत साहू , मनोज निर्मलकर, जनक यादव, मोहन कुशवाहा, श्याम सुन्दर तिवारी, बाबूलाल साहू, अजय बघेल सहित पार्टी के विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नए मैदान का सांस्कृतिक मंच पड़ा फीका, भीड़ नहीं जुटी

**राजिम।** नए मेला मैदान का सांस्कृतिक मंच फीका पड़ गया है। कारण भी साफ है इस बार प्रसिद्ध और चर्चित लोक कलाकारों को नही बुलाया गया है। इससे भीड़ नहीं जुट रही है। राजिम मेले के नए मेला मैदान में सजे सांस्कृतिक मंच पर रौनक अपेक्षा के अनुरूप नहीं दिख रही। भव्य पंडाल, चमकदार लाइटिंग और आधुनिक साउंड सिस्टम के बावजूद दर्शकदीर्घा खाली-खाली नजर आ रही है।

स्थानीय लोगों और कला प्रेमियों का कहना है कि मंच पर ऐसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनसे आम जन जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रहे। बता दें कि छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति की पहचान रहे सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक मंच चंदैनी गोंदा लोकरंग अर्जुन्दा, बिलासपुर के अल्का चंद्राकर जैसे चर्चित नाम-इस बार कार्यक्रम के सूची में शामिल नहीं हैं। यही कारण बताया जा रहा है कि ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आने वाली जनता मंच की ओर आकर्षित नहीं हो रही। एक दर्शक ने कहा कि हम लोक कलाकारों को सुनने-देखने मेले में आते हैं। जब वही नहीं हैं तो खास आकर्षण क्या बचता है?

**हाईटेक मंच, पर आत्मा गायब :** नए मैदान में मंच की सजावट और तकनीकी व्यवस्था प्रभावशाली है, लेकिन कार्यक्रमों की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। कई स्थानीय कलाकारों और कला प्रेमियों का मानना है कि मेले की आत्मा लोक-संस्कृति में बसती है। यदि पारंपरिक छंद, पंथी, पंडवानी और लोकगायन को प्राथमिकता नहीं मिलेगी तो भीड़ स्वाभाविक रूप से कम होगी। दर्शकों की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। दोपहर में तो मैदान लगभग खाली रहता है, शाम को भी भीड़ सीमित दिखती है।

### प्रसिद्ध नामों की अनुपस्थिति भीड़ को खींचने में बाधकः प्रशासन

यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमो के चयन प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे है। संस्कृति प्रेमियों का तर्क है कि यदि प्रदेश के लोकप्रिय और जनप्रिय कलाकारों को मंच दिया जाता, तो दर्शकों की भागीदारी स्वतः बढ़ती। मेले का उद्देश्य केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक-परंपरा का उत्सव होना चाहिए। हालांकि प्रशासन का कहना है कि विविधता लाने के लिए नए कलाकारों को अवसर दिया गया है, परंतु जमीनी हकीकत यह है कि प्रसिद्ध नामों की अनुपस्थिति भीड़ को खींचने में बाधक बन रही है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लक्ष्मी मार्केट में चलाया गया

**गरियाबंद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान नशा मुक्ति केंद्र गरियाबंद के तत्वावधान में दिनांक 09 फरवरी 2026 को लक्ष्मी मार्केट में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को नशे के दुष्प्रभाव, उससे बचाव के उपाय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

- 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने ली शपथ

कार्यक्रम के दौरान खेमचंद जंजीर ने बताया कि नशा किस प्रकार मानव शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाता है और इसके कारण मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने नशे से बचने के अनेक उपायों की जानकारी दी। वहीं सिद्दीकन नूरी ने मानसिक तनाव के लक्षणों और उसके प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि तेज धड़कन, सांस फूलना, चिड़चिड़ापन, बेचैनी, ध्यान की कमी तथा नींद में परेशानी जैसे संकेत तनाव के प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने तनाव प्रबंधन के उपाय भी बताए। कार्यक्रम के अंत में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सक्रिय सहभागिता के लिए गतिविधि आधारित परामर्श सत्र आयोजित किया गया। छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर और गरियाबंद विकासखंड से आईं कुल 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने कार्यक्रम में भाग लिया और अपने-अपने ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर, शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू, संस्था प्रमुख उदय कुमार, खेमचंद जंजीर, जिला चिकित्सालय से उमेश सोनी तथा लता खूंटे, नशा मुक्ति केंद्र की नर्स सिद्दीकन नूरी, प्रबंधक अशोक नेताम एवं सामाजिक कार्यकर्ता आकाश ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कन्या उच्चतर विद्यालय में 12वीं की विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई



**छुरा।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में जूनियर विद्यार्थियों द्वारा 12वीं के सीनियर विद्यार्थियों को विदाई कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य आशारानी चतुर्वेदी कृष्ण कुमार साहू, भूपत कन्नौजे, चंद्रवती सिंहा, रेखा प्रधान, नेहा जायसवाल, सीमा सिंह, हुमेश्वरी ठाpan>, 12वीं के सभी सीनियर विद्यार्थी अतिथि के रूप में विराजमान थे। अतिथियों द्वारा सबसे पहले मां भारती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों को तिलक पुष्प गुच्छ, बैच लगाकर स्वागत अभिनंदन किया विद्यार्थियों द्वारा सीनियर विद्यार्थियों के लिए खेल एवं मनोरंजन का आयोजन भी किया गया 12वीं की छात्रा अपना अनुभव साझा किया बताया कि विद्यार्थी का जीवन सुनहरा जीवन होता है शिक्षा जगत के लिए अनमोल होता है यही से हमारी नीव मजबूत होता है शिक्षा हमें नहीं छोड़ना चाहिए विद्यालय में अनेक प्रकार के कार्यक्रम में सहभागिता से सीखने को मिलता है जो हमें आगे भविष्य में कार्य कुशल नेतृत्व का अवसर प्राप्त होता है। विद्यार्थी को परीक्षा के समय घबराना नहीं चाहिए तनाव नहीं लेना चाहिए सहज स्वीकार करते हुए निरंतर स्व अध्ययन अभ्यास करते रहे, जिससे आपकी परीक्षा में सफलता का शिखर तक पहुंचा सकता है।

- जूनियर छात्राओं ने तिलक व पुष्पगुच्छ से किया सम्मान

**जिज्ञासा को मिला स्टूडेंट आफ ईयर अवार्ड :** प्रतिभा सम्मान जिज्ञासा जगत को स्टूडेंट आफ ईयर का अवार्ड दिया गया, सना बेस्ट रेटवॉक रही, कुमारी तिलेश्वरी को बेस्ट कलाकारों में बेस्ट प्रथमस्थान रखा साथ ही साथ रानू जायसवाल, फगनी, रश्मि यदू बेस्ट डांसर के रूप में सम्मान दिया गया प्राचार्य ने सभी को मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में अपना नाम रोशन करें सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से लॉरेंस महिलागें, युवराज कंवर, हेमंत कुमार वर्मा, मोहन लाल ध्रुव, डोमेश्वर कुमार ध्रुव, लोकेंद्र साहू, नागेंद्र कुमार देवांगन, चंद्रप्रभा सेन, मोहन ठाकुर विद्यार्थी गण स्टाफ उपस्थित थे।

# मुस्लिम समाज ने लगाया रक्तदान शिविर, 82 यूनिट रक्त संग्रहित

**छुरा।** मुस्लिम समाज छुरा द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी गरियाबंद के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, पिछले 14 वर्षों से मुस्लिम समाज द्वारा किया जा रहा है, शिविर सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ और समापन शाम 5 बजे हुआ, इस आयोजन में 82 यूनिट रक्त वीरों ने रक्त दान किया, सभी रक्त वीरों का मुस्लिम समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।



कार्यकम में रेड क्रॉस सोसायटी गरियाबंद के आजीवन सदस्य नथमल शर्मा, यशपेन्द्र शाह विजय गुप्ता, सफर सचदेव, डॉ आनंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, विमल पुरोहित, पार्षद हरीश यादव, अजय दीक्षित, अवधेश प्रधान,पुरोहित, संतोष मेहता, मेष नंदन पांडे, उज्जवल जैन, अब्दुल समद खान, जब्बार खान, आरिफ़ मेमन, अब्दुल शमीम खान, जमशीर कुरैशी, इस्माइल मेमन, इमरान खान, मन्नान खान, कादर खान, सलीम मेमन, रमजान खान, शेखर साहू, लक्की मेमन, सुल्तान खान, बी म ओ डॉक्टर कीर्तन साहू, डॉ प्रजापति, दिनेश साहू, अशोक जैन, दीनू कोडारी, शासकीय कॉलेज के रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य और मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।

### 14 फरवरी को बैठक में तय होगी रूपरेखा, भवन लोकार्पण का प्रस्ताव

# फिंगेश्वर में होगा कलार समाज का वार्षिक सम्मेलन, पूर्व सीएम भूपेश बघेल होंगे शामिल

**छुईहा-बेलर।** कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर द्वारा आयोजित वार्षिक सामाजिक सम्मेलन इस वर्ष फिंगेश्वर स्थित सामाजिक भवन में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर समाज के सदस्यों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियाँ की चरण में 14 फरवरी को समाजिक भवन फिंगेश्वर में बैठक आहूत की है

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भिलाई स्थित उनके निवास पहुंचकर उन्हें औपचारिक निमंत्रण सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष अवध राम सिन्हा (कोपरा), मंडलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा (फिंगेश्वर), सचिव राजकुमार सिन्हा (बोरिद), सह-कोष निरीक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा (चरौदा), राजनीतिक प्रकोष्ठ के चेतन सिन्हा (चरौदा), टीकम सिन्हा सेंदर, टिकेश सिन्हा, सरपंच बोड़की नेतराम सिन्हा तथा सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा (दुर्ग-छुईहा) सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। समाज के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान स्वीकृत 20 लाख रुपये की राशि से सामाजिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह भवन समाज की बैठकों, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विविध सामाजिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। समाज की ओर से प्रस्तावित किया गया है कि नवनिर्मित भवन का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करकमलों से कराया जाए। इसी प्रकार पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला के कार्यकाल में स्वीकृत 6 लाख 50 हजार रुपये की राशि से भी भवन निर्माण में सहयोग मिला। उन्हें भी ससम्मान आमंत्रित किया गया है।समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग और स्वीकृति से ही यह बहुप्रतीक्षित भवन साकार हो पाया है, अतः उनके हाथों लोकार्पण होना समाज के लिए गौरव का विषय होगा।



